पंजाब केसरी 22/09/2025

# जी.एम.एन. कॉलेज में ब्रेन ड्रेन पर हुई पैनल चर्चा





*जी.एम.एन. कॉलेज में ब्रेन ड्रेन पर चर्चा करते युवा वक्ता क्लब के सदस्य और कार्यक्रम में शामिल प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त एवं अन्य।* (चंद्रमोहन)

अम्बाला, 21 सितम्बर (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कॉलेज के युवा वक्ता क्लब द्वारा शनिवार को ब्रेन ड्रेन जैसे विचारोत्तेजक विषय पर एक पैनल चर्चा का आयोजन किया गया। इस सत्र में 50 छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लेकर ब्रेन ड्रेन के आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक प्रभावों पर अपने सारगर्भित विचार प्रस्तुत किए।

पैनल में शामिल मानसी, पलक, उत्कर्ष और सैशा ने अपने विचार रखते हुए बताया कि कैसे कुशल पेशेवरों का अन्य देशों की ओर पलायन न केवल राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था, बल्कि सामाजिक ढांचे और शासन व्यवस्थाओं को प्रभावित करता है। इस चर्चा का कुशल संचालन दशमीत ने किया। इस चर्चा ने युवा मस्तिष्कों को विविध दृष्टिकोण साझा करने का एक सशक्त मंच प्रदान किया।

कार्यक्रम की शोभा बढ़ाते हुए प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने छात्रों को निरंतर अपनी वाक् कला और विश्लेषणात्मक क्षमताओं को निखारने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने समकालीन और महत्वपूर्ण मुद्दों पर संवाद को बढ़ावा देने के लिए युवा वक्ता क्लब की इस पहल की सराहना की। कार्यक्रम का समन्वय युवा वक्ता क्लब की संयोजिका मेहक तलवार तथा सह संयोजिका यशश्री शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया।